मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-526
08/10/2023

# पिछले 24 घंटे में राज्य के 09 जिलों में डूबने से 22 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अविलंब अनुग्रह अनुदान देने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

पटना, 08 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राज्य में पिछले 24 घंटे में डूबने से भोजपुर में 05, जहानाबाद में 04, पटना में 03, रोहतास में 03, दरभंगा में 02, नवादा में 02, मधेपुरा में 01, कैमूर में 01 तथा औरंगाबाद में 01 व्यक्ति की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे पीड़ित परिवारों के साथ हैं।

मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब देने के निर्देश दिये हैं।

******